दिन—शनिवार दिनांक— 14 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. प्रदेश में प्रमुख नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सुपौल और सीतामढ़ी में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है।

02. बेगूसराय और मुंगेर जिले में वज्रपात की अलग—अलग घटनाओं में पांच लोगों की मौत।

03. किशनगंज के पौआखाली में भीषण सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मृत्यु और नौ घायल।

04. और, केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने मगही को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किये जाने का समर्थन किया।

———————————————————————————

नेपाल के तराई क्षेत्रों में लगातार हो रहीं बारिश के चलते राज्य की कई प्रमुख नदियाँ उफान पर है। लगातार हो रही बारिश के वजह घाघरा, गंडक, बागमती, कोसी, कमलाबलान, महानन्दा और अधवारा समूह के नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण कई जिलों में बाढ़ की स्थिति है। पश्चिम चंपारण जिले में बगहा, योगापट्टी और आस—पास के क्षेत्रों में बाढ़ का पानी फैला हुआ हैं। वहीं, पूर्वी चंपारण और गोपालगंज में कई निचले इलाके बाढ़ के संकट का सामना कर रहें है। बागमती और उसकी सहायक नदियों के जलस्तर बढ़ने से सीतामढ़ी के भी विभिन्न हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात है। वहीं, दरभंगा में कमलाबलान नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मधुबनी जिले में कोसी नदी और भूतही वलान के जलस्तर मे वृद्धि से जिले के मधेपुर और मधवापुर प्रखंड में लोगों को अपना घर—बाड़ छोड़कर पलायन करना पड़ा है। इधर, कोसी नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण सुपौल, सहरसा और मधेपुरा जिले के कई प्रखंड बाढ़ के चपेट में आ गए है।

———————————————————————————

हमारे संवाददाता ने बताया कि पश्चिम चम्पारण के वाल्मीकिनगर गंडक बराज से आज भी एक लाख 70 हजार क्यूसेक पानी गंडक नदी मे छोडा गया। जिससे जिले में तटबंधो पर दबाव बढा हुआ है।

———बाईट———

योगापट्टी प्रखंड के तीन पंचायत के एक दर्जन से अधिक गांवो मे बाढ़ का पानी फैला हुआ है। गंडक नदी के उफान से योगापट्टी के सिसवा, मंधातापुर ,गोडियाटोली, पूरबटोला, बिन्दटोली, जबलपुर, खुटवनिया ,बैसिया जैसे गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। मधुबनी प्रखंड के भी कई गांवों का बाढ़ के कारण प्रखंड मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। जिला प्रशासन की ओर से मुनादी कर लोगों से उंचे स्थानों पर जाने और बाढ़ राहत शिविर में शरण लेने की अपील की जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेतिया से आशीष कुमार।

गोपालगंज से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में बाढ़ की स्थिति में मामूली सुधार हुआ है। गोपालगंज जिले में गंडक नदी के किनारे बसे निचले इलाकों में अब भी बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। सदर प्रखंड के रामनगर, जागीरी टोला ,मलाही टोला में सडको पर बाढ़ का पानी फैला है। लोगों को इन क्षेत्रों में नाव से आवाजाही करनी पड़ रही हैं। जिला प्रशासन की ओर से ग्रामीणों को दो सरकारी नाव उपलब्ध कराया गया है। वहीं आवाजाही के लिए कई निजी नौकाओं का भी परिचालन किया जा रहा है।

सुपौल से हमारे संवाददाता ने बताया कि कोसी नदी के जलस्तर में उतार–चढ़ाव फिलहाल जारी है।

———बाईट———

सुपौल में कोसी नदी के जलस्तर में उतार–चढ़ाव फिलहाल जारी है। जिले के बाढ़ प्रभावित पांच प्रखंड सुपौल सदर, किशनपुर, निर्मली, सरायगढ़ –भपटियाही एवं मरौना के निचले इलाकों में बाढ़ का अभी भी जमा है। जबकि ऊंचे स्थानों पर से बाढ़ का पानी निकल गया है। पिछले कुछ दिनों से कोसी नदी के जलस्तर में कमी देखी जा रही है। आज शाम चार बजे तक भीमनगर कोसी बराज से एक लाख 37 हजार क्यूसेक से अधिक पानी का डिस्चार्ज किया गया। इससे पूर्वी कोसी तटबंध के स्पर की नोज पर पानी का दबाव बढ़ गया है। जल संसाधन विभाग की टीम द्वारा स्पर को सुरक्षित रखने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रविशंकर चौधरी।

भागलपुर जिले में  नवगछिया अनुमंडल में गंगा और कोशी नदी के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी हुई ।

———बाईट———

दोनों नदियों के जलस्तर में वृद्धि होने से निचले और दियारा क्षेत्र में रहने वाले लोगों में दहशत व्याप्त है। नवगछिया बाढ़ नियंत्रण कार्यालय के अनुसार पिछले 12 घंटे में गंगा नदी में 19 सेंटीमीटर और कोशी नदी में 16 सेंटीमीटर की वृद्धि हुई है। इधर, कहलगांव प्रखंड के वीरबन्ना पंचायत के कई गांवों में तेज कटाव हो रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

———————————————————————————

जल संसाधन विभाग ने बाढ़ के दौरान विभिन्न तटबंधों की सुरक्षा के लिए पंचायातों से सहयोग लेने का निर्णय किया है। इसके तहत तटबंधों के कटाव, दरार और रिसाव पर स्थानीय लोग नजर रखेंगे और इसकी सूचना जल संसाधन विभाग को उपलब्ध करायेंगे। जल संसाधन विभाग ने तटबंधों की जानकारी देने के लिए टॉल फ्री नंबर एक आठ आठ शून्य शून्य तीन चार पाँच छह एक चार पाँच  जारी किया है।

———————————————————————————————————

केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोसी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में खतरे के निशान से एक मीटर ऊपर चला गया है। वहीं, सुपौल और कटिहार में नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। गंडक नदी का जलस्तर भी गोपालगंज जिले के डुमरिया में खतरे के निशान से ऊपर दर्ज किया गया है। वहीं, बागमती नदी का जलस्तर मुजफ्फरपुर के बेनीबाद और सीतामढ़ी के रून्नीसैदपुर में खतरे के निशान से ऊपर दर्ज किया गया।

———————————————————————————————————

राज्य में पिछले चौबीस घंटों के दौरान वज्रपात की चपेट में आकर पांच लोगों की मृत्यु हो गई। बेगूसराय जिले में वज्रपात की चपेट में आकर पिछले चौबीस घंटों के दौरान तीन लोगों की मृत्यु हो गई। हमारे संवाददाता ने बताया कि नावकोठी थाना क्षेत्र मे दो जबकी वीरपुर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत हुई है। वहीं, मुंगेर जिले में धरहरा प्रखंड के बांगलवा गांव में वज्रपात की चपेट में आकर दो युवकों की मौत हो गई। वहीं एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया।

———————————————————————————————————

किशनगंज जिले में आज सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना मे पाँच लोगों की मौत हो गई और नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में छह बच्चें शामिल है। पुलिस ने बताया कि यह हादसा किशनगंज जिले के पौआखाली के पास हुआ जब एक चार पहिया वाहन तेज गति से दूसरी ओर से आ रही एक डंपर से टकरा गई।

———————————————————————————————————

केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने मगही को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने का समर्थन किया है। श्री मांझी आज पटना में एक कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वे मगही को विकसित और संरक्षित करने के लिए अपने स्तर से हर संभव कोशिश करेंगे।

———————————————————————————

मगही अकादमी गया और मगही लोक तुतबारी की ओर से आज पटना में डॉक्टर राम प्रसाद सिंह अंतर्राष्ट्रीय साहित्य सम्मान पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शामिल केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी और नेपाल के मधेस प्रांत के वित्तमंत्री भरत प्रसाद साह ने मगही भाषा के क्षेत्र मे विशेष योगदान के लिए तीन साहित्यकारों को सम्मानित किया। इस अवसर पर आकाशवाणी और दूरदर्शन पटना के पूर्व कार्यक्रम प्रमुख ओम प्रकाश जमुआर को पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अलावा दो अन्य साहित्कारो ललन प्रसाद सिंह और भुनेश्वर महतो को सम्मानित किया गया।

———————————————————————————

सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फॉलोवरों की संख्या दस करोड़ हो गई है। प्रधानमंत्री सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय है।

———————————————————————————

केन्द्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है कि तीन नयें आपराधिक कानूनों के लागू होने से न्याय व्यवस्था में लोगों का भरोसा बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय दंड संहिता को समाप्त करने से लोगों को औपनिवेशिक कानूनों से मुक्ति मिली है।

———बाईट———

———————————————————————————

समस्तीपुर की सांसद शांभवी चौधरी ने आज कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिलने से बिहार के विकास कार्य में तेजी आयेगी। उन्होंने केन्द्र सरकार से इस पर गंभीरता से विचार करने और राज्य को विशेष राज्य का दर्जा देने का अनुरोध किया है।

———बाईट———

———————————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि डायरिया पर रोक लगाने के लिए तेईस जुलाई से अगले दो माह तक रोकथाम अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है। श्री पांडेय ने कहा कि यह अभियान स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण, शिक्षा और ग्रामीण विकास मिलकर चलायेंगे।

———————————————————————————

उपभोक्ता कार्य विभाग ने पैकेटबंद वस्तुओं में समानता बनाए रखने के लिए लीगल मेट्रोलॉजी नियम में संशोधन का प्रस्ताव किया है। संशोधन में ऑफ़लाइन और ऑनलाइन दोनों प्लेटफार्मों पर खुदरा बिक्री के लिए प्री–पैकेज्ड वस्तुओं की सभी जानकारी सार्वजनिक करना अनिवार्य करने का प्रस्ताव है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि संशोधन से पैकेटबंद वस्तुओं के लिए समान मानक और जरूरतें स्थापित करने में मदद मिलेगी, जिससे विभिन्न ब्रांडों और उत्पादों में स्थिरता और निष्पक्षता को बढ़ावा मिलेगा। मंत्रालय ने कहा है कि इससे उपभोक्ताओं को संपूर्ण जानकारी के आधार पर सुचित विकल्प चुनने में भी मदद मिलेगी। हालाँकि, नए नियम औद्योगिक उपभोक्ताओं या संस्थागत उपभोक्ताओं के लिए पैकटबंद वस्तुओं पर लागू नहीं होंगे। विभाग ने इस महीने की उनतीस तारीख तक हितधारकों से विचार आमंत्रित किए हैं।

———————————————————————————

सीवान जिला प्रशासन की ओर से मिट्टी की मूर्ति कला को बढ़ावा देने के लिए आज सीवान में टेरकोटा प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। सीवान की कला संस्कृति पदाधिकारी ऋचा वर्मा ने बताया कि इससे नई पीढ़ी में कला के प्रति जागरूकता बढेगी।

———बाईट———

———————————————————————————

मौसम विभाग ने आज और कल राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–पूर्व और दक्षिणी हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान अररिया और किशनगंज में भारी बारिश के साथ वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान लखीसराय, नवादा, नालंदा, खगड़िया, मधेपुरा और पूर्णियां में भारी

बारिश दर्ज की गई है। मौसम वैज्ञानिक एस के सुमन ने बताया कि सबसे अधिक बारह दशमलव पाँच सेंटीमीटर बारिश लखीसराय के हलसी में हुई है। वहीं, बेलदौर में साढे ग्यारह सेंटीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

———बाईट———

——————————————————————————

आज पटना के प्रेमचन्द्र रंगशाला में किन्नर महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में किन्नर समुदाय पर आधारित प्रस्तुति के जरिये इस समुदाय का सम्मान को दर्शाते हुए उनके सांस्कृतिक महत्व को उजागर किया गया।

——————————————————————————

01. प्रदेश में प्रमुख नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सुपौल और सीतामढ़ी में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है।

02. बेगूसराय और मुंगेर जिले में वज्रपात की अलग—अलग घटनाओं में पांच लोगों की मौत।

03. किशनगंज के पौआखाली में भीषण सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मृत्यु और नौ घायल।

04. और, केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने मगही को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किये जाने का समर्थन किया।

——————————————————————————

समाप्त